मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांकः 11 अगस्त 2015

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	11/08/15	12/08/15	13/08/15	14/08/15	15/08/15
वर्षा (मि.मी.)	2	3	4	0	1
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	35	35	35	36	36
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	29	29	29	28	28
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	4	5	6	4	5
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	67	68	72	70	74
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	38	36	32	32	30
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	6	6	7	7	6
हवा की दिशा	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

अगले पांच दिनो में हल्की बूंदा–बांदी और बादल छाए रहने की सम्भावना को देखते हुये किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि फसल पर पौध रसायनो का छिड़काव मौसम के खुलने पर करें ।

बाजरा की फसल में फड़का कीट का प्रकोप दिखाई देने पर मिथाइल पैराथियान 2 प्रतिशत 25 किलो चूर्ण का प्रति हैक्टर की दर से भुरकाव करें।

मूंगफली की फसल में टिक्का रोग बादल छाए रहने व आर्द्रता अधिक होने की दशा में तेजी से फैलता है इसके नियंत्रण के लिए दो किलो डाइथेन एम–45 प्रति हैक्टयर की दर से 1000 लीटर पानी मे घोल बनाकर छिड़काव करें।

मूंग की फसल में तना झुलसा रोग का प्रकोप दिखाई देने पर फसल में 2 किलो ग्राम मैन्कोजेब का प्रति हैक्टेयर की दर से छिडकाव करें।

नमी युक्त मौसम होने के कारण पशुओं को हवादार स्थान पर रखें व आवश्यकता अनुसार पानी पिलाएं तथा हरा चारा खिलाएं।

(नौडल ऑफीसर)